जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल

# बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
# राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार

बिहार सरकार

प्रथम तल, विद्युत भवन–2, बेली रोड, पटना–800 021, दूरभाष :+91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.brlp.in

पत्रांक: BRLPS/Proj-H&N/1209/17/4132 दिनांक: 11.01.2018

## कार्यालय आदेश

खुले में शौच मुक्त वातावरण निर्माण के लिए शौचालय निर्माण अति आवश्यक है एवं इसे साकार करने एवं गति प्रदान करने हेतु राज-मिस्त्रियों को दो-गड्ढे वाला शौचालय निर्माण की तकनीक पर प्रशिक्षित करने की भी आवश्यकता है। सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन से 46 राज-मिस्त्रियों का राज्य-स्तरीय प्रशिक्षण के उपरांत मास्टर राज-मिस्त्री के रूप मे चयन किया गया और एक पैनल तैयार किया गया है (सूची संलग्न)। ये चयनित मास्टर राज-मिस्त्री सम्बंधित संकुल संघ/ग्रामीण स्वच्छता मार्ट (आर.एस.एम.) से जुड़ कर राज-मिस्त्रियों को शौचालय निर्माण का प्रशिक्षण देंगे, शौचालय निर्माण के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे तथा शौचालय निर्माण का कार्य भी करेंगे। राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण मास्टर राज-मिस्त्री द्वारा दिया जाएगा जो एक दिवसीय एवं गैर आवासीय होगा। इस प्रशिक्षण का आयोजन पंचायत स्तर पर ही होगा।

1. **प्रशिक्षण-पूर्व गतिविधि:-**
   - जे.आर.पी. (JRP) एवं मास्टर राजमिस्त्री पंचायत में राजमिस्त्रियों की पहचान के लिए उत्तरदायी होंगे।
   - एक प्रखंड में जे.आर.पी. द्वारा अधिकतम 400 राजमिस्त्रियों का चयन किया जायेगा। जो पहले से भवन एवं शौचालय निर्माण के कार्य में लगे हों।
   - जे.आर.पी. यह सुनिश्चित करेगा कि प्रशिक्षण आयोजित होने के पूर्व कम से कम 10 से 15 घरों में शौचालय हेतु गड्ढे खुदे हो एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ आवश्यक उपकरण यथा- साहुल-सूता, फीता आदि लेकर आयेंगे।
   - जे.आर.पी. द्वारा चयनित राज-मिस्त्रियों की सूची बनाकर प्रशिक्षण हेतु प्रस्ताव को सामुदायिक समन्वयक /क्षेत्रीय समन्वयक के पास जमा किया जाएगा। सामुदायिक समन्वयक /क्षेत्रीय समन्वयक अपनी अनुसंशा कर एवं संकुल संघ/बी.पी.आई.यू .से अनुमोदन प्राप्त कर प्रशिक्षण को ससमय पूरा करने के लिए जे.आर.पी./ सी.एफ. (क़्लस्टर फ़ैसिलिटेटर) का सहयोग ले सकते हैं। (संकुल संघ/बी.पी.आई.यू अधिकतम 20 इकाइयों (400 राजमिस्त्रियों) के प्रशिक्षण का अनुमोदन करेगा।
   - प्रशिक्षण पर होने वाले व्यय का वहन संकुल संघ/बी.पी.आई.यू. उनके पास उपलब्ध राशि से कर सकते हैं एवं विपत्र को डी.पी.सी.यू. (DPCU) में जमा कर खर्च की गयी राशि का भुगतान प्राप्त कर सकते हैं।

2. **प्रशिक्षण के दौरान गतिविधि:-**

- प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों की समझ बनाने हेतु शौचालय निर्माण की तकनीक से सम्बंधित विडियो पिको प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा ।

- एस.पी.एम.यू. (SPMU) द्वारा सूचीबद्ध मास्टर राज-मिस्त्रियों (अनुलग्नक -1) द्वारा प्रति बैच कम से कम 20 एवं अधिकतम 35 राजमिस्त्रियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा । जे.आर.पी./ सी.एल.एफ./ ए.सी./ सी.सी. द्वारा प्रशिक्षण मे यथावश्यक सहयोग किया जायेगा ।

- जिला स्तर से नामित नोडल प्रबंधक के द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण के दौरान पर्यवेक्षण किया जायेगा ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके ।

- प्रत्येक प्रशिक्षित राजमिस्त्री को लाभार्थी परिवार के घर के साथ संबद्ध किया जाएगा जिनमे उन्हे शौचालय निर्माण करना हैं ।

3. **प्रशिक्षण उपरांत की गतिविधि :-**

- राज-मिस्त्रियों को प्रशिक्षण के दूसरे दिन से पांचवे दिन तक पहले से संबद्ध उन घरों मे शौचालय निर्माण का कार्य करना है जिनके यहाँ सूची के अनुसार पहले से गड्ढे खुदे हो एवं सामग्री की उपलब्धता हो ।
- जो परिवार राजमिस्त्री को पारिश्रमिक का भुगतान स्वयं करना चाहेंगे वे वैसा करेंगे। जो परिवार ऐसा चाहें की पारिश्रमिक का भुगतान तत्काल ग्राम संगठन द्वारा कर दिया जाए ,उनके पारिवारिक शौचालय निर्माण का पारिश्रमिक ग्राम संगठन द्वारा सीधे राजमिस्त्री के बैंक खाते मे किया जाएगा।
- इसके लिए ग्राम संगठन परिवारों की सहमति के आधार पर राजमिस्त्रियों के साथ एकरारनामा करके प्रति शौचालय मजदूरी दर का निर्धारण करेगा। यह राशि ऋण के रूप मे सम्बंधित एस.एच.जी. (SHG) सदस्य के नाम पर होगी। यह व्यवस्था केवल स्वयं सहायता समूह से जुड़े परिवारों के लिए होगी ।
- स्वयं सहायता समूह से बाहर के परिवारों के लिए राजमिस्त्रियों का पारिश्रमिक स्वयं उस परिवार के द्वारा देय होगा । इसके लिए उस परिवार को पहले से तैयार करना होगा ताकि ससमय राजमिस्त्रियों को पारिश्रमिक का भुगतान हो सके ।

- सम्बंधित रोजगार प्रबंधक निर्धारित मानकों के अनुसार सभी राजमिस्त्रियों के कार्यों का आकलन करेंगे । जो राजमिस्त्री इन मानकों पर खरे उतरेंगे उन्हे प्रमाण-पत्र निर्गत करने हेतु सम्बंधित रोजगार प्रबंधक जिम्मेवार होंगे ।

**वित्त एवं बजट :-**

- कार्यालय आदेश संख्या 3691, दिनांक 15.12.17 की कण्डिका-2 के अनुसार उक्त पंचायत स्तरीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण हेतु अधिकतम ₹100/- प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रतिदिन की दर से वास्तविक व्यय के आधार पर दिया जाएगा।

- मास्टर राजमिस्त्री (रिसोर्स पर्सन) को अनुमोदित मानदेय ₹ 1000/-( ₹ 800 + ₹ 200 यात्रा भत्ता इत्यादि) प्रतिदिन देय होगा। मास्टर राजमिस्त्री एकदिवसीय प्रशिक्षण के अलावा अधिकतम 4 दिनों के लिए प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों को आवश्यक सहयोग करेंगे जिसके लिए उन्हें उपर्युक्त वर्णित मानदेय ₹ 1000/- प्रतिदिन की दर से सम्बंधित संकुल संघ/बी.पी.आई.यू द्वारा देय होगा । इस हेतु उन्हें प्रतिवेदन के साथ मानदेय मांग विपत्र जमा करना होगा ।

- इससे सम्बंधित व्यय का भुगतान सघन (Intensive) प्रखंडो में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान -आई.ई.सी. (LSBA-IEC) मद से किया जायेगा । शेष प्रखंडो में यदि उक्त प्रशिक्षण कराया जाता है तो उसका भुगतान बी.टी.डी.पी./एन.आर.एल.एम. (BTDP/NRLM) परियोजना (जो लागू हो) के कैडर प्रशिक्षण मद से किया जायेगा | सम्बंधित संकुल संघ/बी.पी.आई.यू व्यय विपत्र की मूल प्रति डी.पी.सी.यू. (DPCU) को समर्पित करेगा ताकि खर्च की गयी राशि का भुगतान किया जा सके | सम्बंधित संकुल संघ/बी.पी.आई.यू से प्राप्त राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण एवं अन्य खर्च का व्यय विपत्र डी.पी.सी.यू. द्वारा संचिका में संधारित कर डिजिटल हस्ताक्षर (Digital Signature) अंकित कर भुगतान किया जायेगा ।

- जे.आर.पी. की प्रोत्साहन राशि डी.डी.यू.-जी.के.वाई. (DDU-GKY) अंतर्गत निर्धारित दर से ₹ 150/- प्रति चयनित राजमिस्त्री देय होगा ।

**अनुलग्नक - यथोपरी**

11.01.2018

**(कुमार अंशुमाली )**
**निदेशक**

ज्ञापांक: BRLPS/Proj-HLN/1209/17/4132 दिनांक: 11.01.2018

प्रतिलिपि: सभी सम्बंधित प्रखंड परियोजना प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि: सभी सम्बंधित जिला परियोजना प्रबंधक / प्रबंधक - संस्था एवं क्षमता निर्माण / प्रबंधक - वित / प्रबंधक - स्वास्थ्य एवं पोषण / प्रबंधक - रोजगार / प्रबंधक - सूक्ष्म वित / प्रबंधक - सामाजिक विकास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि: राज्य परियोजना प्रबंधक - स्वस्थ्य एवं पोषण / रोजगार / अनुश्रवण एवं मुल्यांकन / संस्था एवं क्षमता निर्माण को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि: राज्य मुख्य वित पदाधिकारी / प्रशासी पदाधिकारी -सह- राज्य समन्वयक - LSBA / राज्य वित प्रबंधक को सूचनार्थ प्रेषित ।

11.01.2018

## list of Empanelled Trained Master Masons (Jeevika) Health & Nutrition

| Sl No | Name | District | Block | Nodal VO/CLF | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Manoj Kumar Pandit | Bhojpur | Sahar | Ekta VO | 9771608614 |
| 2 | Ashok Hansda | Banka | Bounsi | Ujjala CLF | 9262333045 |
| 3 | Baidhnath Manjhi | Banka | Chandan | Sangam CLF | 8521235286 |
| 4 | Braj kishore | Banka | Bousi | Arpan CLF | 8051993232 |
| 5 | Arun Kumar Anand | Begusarai | Mansurchak | Ratan CLF | 9934125915 |
| 6 | Chandeswari Paswan | Begusarai | Mansurchak | Ma Sharda VO | 8873737658 |
| 7 | Satnarayan Das | Begusarai | Mansurchak | Mushkan VO | 8051762751 |
| 8 | Manoj Kumar Sinha | Bhojpur | Charpokhari | Prakash VO | 9708751607 |
| 9 | Ganesh Paswan | Darbhanga | Hayaghat | Jagriti CLF | 7631204981 |
| 10 | Ram uttam | Darbhanga | Hayaghat | Jagriti CLF | 9709804069 |
| 11 | Ajay Bhuiya | Gaya | Amas | Sangam CLF | 7260022158 |
| 12 | Dilip Das | Gaya | Barachatti | Satyam CLF | 9472967482 |
| 13 | Krishna Das | Gaya | Amas | Ekta CLF | 8002172413 |
| 14 | Mohan Prasad | Gaya | Barachatti | Amar CLF | 9102860532 |
| 15 | Naresh paswan | Gaya | Bodh gaya | Sujata CLF | 7634804039 |
| 16 | Ramkewal Manjhi | Gaya | Amas | Sangam CLF | 9504088843 |
| 17 | Ranjeet Paswan | Gaya | Sherghati | Jeevan Joyati CLF | 9006190219 |
| 18 | Surendra Prasad | Gaya | Amas | Avtar CLF | 7544062093 |
| 19 | Chhotan Mochi | Jehanabad | Goshi | Sagar Federation | 8935881474 |
| 20 | Yogendra Das | Jehanabad | Hulasganj | Naya Savera CLF | 7651915596 |
| 21 | Ramesh Rajak | Katihar | Dandkhora | Sangam Jeevika Mahila Shankul Sangh(CLF) | 8674801581 |
| 22 | Shamsher Alam | katihar | Mansahi | Deepak mahila Gram Sanghatan VO | 7250978628 |
| 23 | Shankar Poddar | Katihar | Dandkhora | Sangam Jeevika Mahila Shankul Sangh(CLF) | 8709835367 |
| 24 | Lalu Prasad yadav | Madhubani | Jainagar | Akash CLF | 8002860521 |
| 25 | Md. Shafiq Mausuri | Madhubani | Jainagar | Badal CLF | 8298293823 |
| 26 | Nathuni Paswan | Madubani | Jainagar | Indira CLF | 9572710578 |
| 27 | Sanjay Prasad | Motihari | Tetariya | lavkush CLF ,Madhuahabrit | 7258878275 |
| 28 | ShashiKant Tiwari | Motihari | Areraj | subhluv CLF,Babhnauli | 7301542788 |
| 29 | Arun ManojSah | Muzaffarpur | Marwan | Sahyog CLF | 9570324320 |
| 30 | Pramod Mahto | Muzaffarpur | Bochaha | mala CLF | 9162808512 |
| 31 | Satyendra sah | Muzaffarpur | Bochaha | Phoolmala CLF | 8969259136 |
| 32 | Pintu Kumar | Nawada | Narhat | Safal CLF | 9294970348 |
| 33 | Munna Charan chaudhari | Nawada | Govindpur | Adarsh CLF | 7739914775 |
| 34 | Kundan kumar Sah | Purnia | Bhawanipur | Rani CLF | 9523770582 |
| 35 | Santosh kr Paswan | Purnia | Bhawanipur | Tanya CLF | 7368882125 |
| 36 | Vijay kr Pandit | Purnia | Rupauli | Rani CLF | 7361832525 |
| 37 | Prashant Kumar mandal | Purnia | Kasba | Saheli CLF | 9931358782 |
| 38 | Pawan Chaudhary | Saharsa | Raja Sonbarsa | Nari shakti CLF | 9102069958 |
| 39 | Pramod Ram | Saharsa | Sourbazar | Savitri bai phule CLF | 7808816980 |
| 40 | Raj kishore Sharma | Saharsa | Sonbarsa | Kosi kalyani CLF | 7294154454 |
| 41 | Kishore Ram | Saharsa | Sonewarsha | Janseva CLF | 9955500806 |
| 42 | Bindi Satihar | Supaul | Pratapganj | Annapurna Jeevika Mahila Shankul Stariya Saangh,Sukhanagar CLF | 8271271653 |
| 43 | Umesh Prasad Mehta | Supaul | Pratapganj | Annapurna Jeevika Mahila Shankul Stariy Saangh,Sukhanagar CLF | 9661233326 |
| 44 | Surendra Paswan | Vaishali | Pateri-Belsar | Sadhbhawana VO | 9572298655 |
| 45 | Daroga Ram | Vaishali | Mahnaar | Narishakti CLF | 7781065097 |
| 46 | Md Sajjad | W. Champaran | Jogapatti | Aadhar Jeevika Shankul Sangh CLF | 8804071751 |